<u>विधानसभा / महत्वपूर्ण</u>

# कार्यालय संचालक
## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 115 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

प्रति,

1. **कलेक्टर**
जिला – बेमेतरा,
छत्तीसगढ़

2. **राज्य स्तरीय समन्वयक,**
ऑयल उद्योग
रायपुर

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 844 तारांकित द्वारा श्री दीपेश साहू, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 844 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार।**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 116 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला – बेमेतरा, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **किसानों को कृषि कार्य हेतु ड्रम/कैन में डीजल उपलब्ध नहीं कराए जाने से उत्पन्न स्थिति**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **844** ) **श्रीदीपेश साहू**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सत्य है कि जिला बेमेतरा में पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा किसानों को ड्रम, कैन अथवा अन्य पात्रों में डीजल देने से मना किया जा रहा है, जिसके कारण कृषि कार्य, सिंचाई एवं अन्य कृषि संबंधी गतिविधियाँ प्रभावित हो रही हैं? यदि हाँ, तो विकासखण्डवार विवरण प्रदान करें। (ख) क्या शासन के संज्ञान में किसानों द्वारा ड्रम/कैन में डीजल उपलब्ध नहीं कराए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हाँ, तो विगत तीन वर्षों में प्राप्त शिकायतों की संख्या, संबंधित पेट्रोल पंपों का विवरण, जांच की स्थिति तथा दोषी पाए गए संचालकों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का वर्षवार विवरण प्रदान करें? साथ ही शासन द्वारा इस संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दें।
(ग) किसानों को कृषि कार्य, सिंचाई पंप, ट्रैक्टर, हार्वेस्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों के संचालन हेतु डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा वर्तमान में क्या व्यवस्था की गई है तथा भविष्य में क्या कदम उठाए जाने प्रस्तावित हैं? यदि कोई विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, तो उसका विवरण प्रदान करें?

---

**उत्तर :**

Collector
Bemetara / SLC